26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 23 नवम्बर, 2025
अंक- 30 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# ट्रंप को लगा बड़ा झटका, G20 घोषणा-पत्र मंजूर

## नहीं चली अमेरिका की मनमानी



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बायकॉट के बावजूद जी-20 समिट के पहले दिन यानी शनिवार को सदस्य देशों ने दक्षिण अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही इसमें अमेरिका शामिल नहीं हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रपति रामफोसा आज जी-20 की अगली अध्यक्षता 'खाली कुर्सी' को सौंपेंगे। दरअसल, जी-20 समिट की 2026 की मेजबानी अमेरिका को मिलनी है। ट्रंप ने समिट के आखिरी सेशन में मेजबानी में भाग लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में जी20 लीडर्स समिट को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को जी20 समिट के शानदार आयोजन और सफल अध्यक्षता के लिए बधाई देता हूं। साउथ अफ्रीका की अध्यक्षता में स्किल्ड माइग्रेशन, टूरिज्म, फूड सिक्योरिटी, एआई, डिजिटल इकोनॉमी, इनोवेशन और वूमन एम्पॉवरमेंट जैसे विषयों पर प्रशंसनीय काम हुआ है। नई दिल्ली जी20 समिट में जो ऐतिहासिक पहल की गई थी, उनको यहां आगे बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कई दशकों में जी20 ने ग्लोबल फाइनेंस और ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ को दिशा दी है, लेकिन ग्रोथ के जिन पैरामीटर्स पर अब तक काम हुआ है, उनके कारण बहुत बड़ी आबादी संसाधन से वंचित रह गई है। अफ्रीका इसका बहुत बड़ा भुक्तभोगी है। आज जब अफ्रीका पहली बार जी20 समिट की मेजबानी कर रहा है, तो यहां हमें विकास के पैरामीटर्स पर फिर से विचार करना चाहिए। इसका एक रास्ता भारत की सभ्यतागत मूल्यों में है, और वो रास्ता एकात्म मानववाद का है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा था'

## आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी बोले- हर म्यूजिशियन ने निभाई भूमिका



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक भरोसेमंद ऑर्केस्ट्रा था, जिसमें प्रत्येक म्यूजिशियन (सशस्त्र बलों के पक्ष) ने सटीकता और समन्वय के साथ भूमिका निभाई और इसी कारण केवल 22 मिनट में भारतीय सशस्त्र बल नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर सके। दिल्ली में स्थित एक मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा मिलिट्री ऑपरेशन में हालात के बदलने के साथ बदलाव का अंदाजा लगाने की दूर की सोच दिखाई देती है। यह एक ऐसा जवाब था जो उस पल में नहीं बल्कि सालों की सोच से बना था कि कैसे इंटेलिजेंस, सटीकता और टेक्नोलॉजी मिलकर एक्शन में बदल सकती हैं। आर्मी चीफ ने कहा, 'इस तरह हम 22 मिनट में नौ आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर सके और 80 घंटों में यह सुनिश्चित कर सके कि लड़ाई खत्म हो। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर हमने पूरी टीम पर भरोसा न किया होता, तो निर्णय लेने का समय ही नहीं मिलता।' अपने संबोधन में जनरल द्विवेदी ने छात्रों से कहा, 'तो आज जब आप आगे बढ़ रहे हैं, याद रखें कि दुनिया कभी स्थिर नहीं रहती, बाजार बदलते रहेंगे, तकनीक विकसित होती रहेगी और आपकी खुद की महत्वाकांक्षाएं भी बदलेंगी। फिर भी, इन सब के बीच आपकी सबसे बड़ी ताकत छिपी है-सीखने का साहस, बदलने की क्षमता और उद्देश्य के साथ नेतृत्व करने का नजरिया। बदलाव वह नहीं है जो हमारे साथ होता है।'

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## सूचना

पहले मेरे नाम की स्पोलिंग Durre Shahwar थी अब मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Durre Shahwar रख ली है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम की स्पेलिंग से जाना व पहचाना जाये। Durre Shahwar W/o Faheem Ahmad Mohalla Muglu Shah, Najibabad Bijnor U.P.-246763

तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281
तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की
हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन
एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन
नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर
- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।
इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
Male and Female both can apply

आवश्यकता है
एक सेल्समैन की

बिजनौर में आयुर्वेदिक दवा कंपनी के लिए
केवल अनुभवी को वरीयता
संपर्क करें
9012105000

Now In Bijnor
Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

# सौफतपुर का युवक साउथ अफ्रीका में हथियारों के साथ लाइव नज़र आया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** दक्षिण अफ्रीका में रहकर काम कर रहे क्षेत्र के निवासी युवक की एक्स पर यूपी पुलिस तथा एसटीएफ से शिकायत की गई है। आरोप है कि युवक इंस्टाग्राम पर अत्याधुनिक राइफल और हैंड ग्रेनेड के साथ लाइव था। प्रकरण की जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है, जबकि नांगल पुलिस युवक के घर पर पहुंची थी। समीपवर्ती ग्राम सौफतपुर का निवासी एक युवक साउथ अफ्रीका में रहकर काम करता है। युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाया। वीडियो में युवक कथित रूप से अवैध हथियारों के साथ नज़र आ रहा है। एड. कार्तिक बालियान नाम के व्यक्ति ने इसकी शिकायत एक्स पर यूपी पुलिस, बिजनौर पुलिस,डीआईजी मुरादाबाद और यूपी एसटीएफ से की थी। शिकायत में युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि वह अत्याधुनिक रायफलों और हैंड ग्रेनेड के साथ इंस्टाग्राम लाइव करता है। हालांकि जांच के उपरान्त ही स्पष्ट हो सकेगा कि वीडियो में युवक के हाथों में दिखाई दे रहे हथियार असली हैं या नकली। बिजनौर पुलिस ने नांगल थाना प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। नांगल थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ युवक के घर पर पहुंचे और परिजनों से उसके बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि उक्त युवक तीन साल से साउथ अफ्रीका में रहकर काम कर रहा है। उसका पिता भी पांच साल से दुबई में रहकर काम कर रहा है।




प्रकरण की जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है। जबकि क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार युवक साउथ अफ्रीका में सेलून पर काम करने के लिये बताकर गया है। हालांकि युवक का कोई आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। युवक के बैंक खातों आदि की जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है।

## जलालाबाद फ्लाई ओवरब्रिज की मरम्मत को लिखा पत्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर बने फ्लाईओवर ब्रिज के एक्सपेंशन जॉइंट में आई दरार व अन्य मरम्मत के संबंध में यूपी सेतु निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग को पत्र लिखा है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सेतु निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे पत्र में अवगत कराया था कि नगर पंचायत जलालाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 119 व रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण यूपी सेतु निगम द्वारा कराया गया था। वर्तमान में पुल के एक्सपेंशन जॉइंट तथा अन्य जगहों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है। जब इस संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग व उत्तर प्रदेश सेतु निगम को अवगत कराया गया तो यह तय नहीं हो पा रहा है कि उक्त फ्लाईओवर ब्रिज किसके अधिकार क्षेत्र में है। इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग को पत्र लिखा गया है।

## एसआईआर फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा के सभासद एवं आजाद समाज पार्टी के नेता मौ. अच्छन राईन ने शासन व चुनाव आयोग से मतदाताओं के गणना फार्म भरकर जमा करने व उन्हें ऑन लाइन लोड करने के अभियान का समय एक महीना और बढ़ाने की मांग की है। सभासद का कहना है कि बीएलओ ने अधिकांश मतदाताओं को फार्म जरूर पहुंचा दिये है, मगर अभी तक काफी संख्या में मतदाता इन फार्मों को ना तो भरकर जमा कर पाए है ना ही बीएलओ इन्हें लोड कर पाए है। अभी करीब 20 प्रतिशत फार्म ही लोड होने का काम हो पाया है। 2003 की सूची व अन्य कागजात पूरे करने का काम न होने के कारण मतदाता जहां गणना फार्मों को अभी तक भरकर जमा नहीं कर पा रहे है, वहीं बीएलओ आन लाइन साइड धीमी चलने व मतदाताओं द्वारा जमा किये गये सभी फार्मों में पूरा ब्यूरा न होने के कारण इन्हें लोड करने में काफी समय लगने के चलते परेशान हैं। इसलिए एसआईआर फार्म जमा करनी की 2 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलने वाले पहले चरण के अभियान की तिथि करीब एक महीना बढ़ानी चाहिए। जिससे इस प्रक्रिया का लक्ष्य व मकसद सही ढंग से पूरा किया जा सके।

## एसआईआर को लेकर शमीम लोगों को कर रहे जागरूक

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरोगग्रान निवासी मरहूम व्यापारी नेता नईम टाटा के भाई सामाजिक कार्यकर्ता शमीम अहमद उर्फ मुन्नी घर-घर जाकर लोगों को एसआईआर के प्रति जागरूक कर फार्म भरने से लेकर जमा करने तक उन्हें जागरूक कर सहयोग करने का काम कर रहे है। इस समय एआईआर फार्म को लेकर जहां मतदाता इन्हें भरकर जमा करने को लेकर परेशान है वहीं बीएलओ वोटर लिस्टों में लोगों के सही नाम व पते अंकित न होने के कारण इन्हें वेबसाइड पर लोड न होने के कारण परेशान है।

## महिला के घर के सामने फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पिछले माह दो साथियों के साथ मिलकर एक घर के सामने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विगत 29 अक्टूबर को नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी सीमा पत्नी विजेन्द्र ने सजल पुत्र सुखदेव, सुमित उर्फ बड्डी पुत्र नरेन्द्र निवासीगण ग्राम तिसोतरा तथा मुकुल उर्फ चारू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम कामराजपुर थाना नांगल के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 30 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने युवकों पर आरोप लगाया था कि ये लोग एक बाइक पर सवार होकर उसके घर के सामने आये और पुरानी रंजिश के चलते अवैध शस्त्र से फायरिंग करके दहशत फैला दी। थानाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने बताया कि वांछित सजल पुत्र सुखदेव को शनिवार को 315 बोर के तमंचे तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। मुकदमे में आयुध अधिनियम की धारा 30 का लोप करके बीएनएस की धाराओं 352, 351 (2) तथा आयुध अधिनियम की धाराओं 9/25/27 की वृद्धि की गयी है। युवक के विरुद्ध थाना नांगल व मंडावर पर कुल 5 मुकदमें दर्ज हैं। युवक का पिछले दिनों कई अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ था।

## अतिक्रमण पर गरजा नहटौर पालिका का बुलडोजर



अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए अधिशासी अधिकारी ओम गिरि।

### 23 दुकानदारों के चालान, 35 हज़ार की वसूली

**नहटौर ( चिंगारी )। नहटौर नगर पालिका ने जेसीबी ( बुलडोजर ) द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। पालिका ने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाया। 23 दुकानदारों का चालान करते हुए 35 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। अतिक्रमण को लेकर आएदिन मिल रही शिकायतों के चलते अधिशासी अधिकारी ओमगिरि एवं नायब तहसीलदार राजकमल सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। शनिवार को अभियान के अंतर्गत 23 दुकानदारों का चालान किया। साथ ही 35 हज़ार रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। इस अभियान से नगर में अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने अभियान के अंतर्गत बाधा पैदा करने वाले व्यापारियों को कड़ी चेतावनी दी। इस दौरान पालिका लिपिक विशेष उपाध्याय, हलका लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि आदि रहे।**

## सपाइयों ने श्रद्धा के साथ मनाई नेताजी की जयंती




### बच्चों को कॉपियां व फल बांटे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' की जयंती सपाइयों ने श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई।

शनिवार को सपा के पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि नेताजी का संपूर्ण जीवन संघर्ष, समर्पण और समाजसेवा को समर्पित रहा। कार्यक्रम के बाद सपाइयों ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में कॉपियां, पेंसिल, मिठाई और फल वितरित किए।

जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में डा. रमेश तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, गजेंद्र सिंह देवल, हाजी दानिश अख्तर, शमशाद अंसारी, प्रभा चौधरी, सतपाल सिंह, महमूद कस्सार, बीके कश्यप, डा. योगेंद्र सिंह, राधा सैनी, काशिफ खान, श्लोक पंवार, एमआर पाशा, अफजल उल हक, संजय पाल, अहमद खिज़र खान आदि मौजूद रहे।

# दो छात्राओं का रहस्यमय ढंग से गायब होना पुलिस के लिये बना सिरदर्द

## कथित उत्पीड़न से परेशान एक छात्रा की मां की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दो लड़कियों का रहस्यमय ढंग से गायब हो जाना पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है। हालांकि लड़कियों की बरामदगी के लिए पुलिस दिन-रात भागदौड़ कर रही है, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहा। एक लड़की के परिजनों ने किसानों को साथ लेकर थाने में बाकायदा टैंट लगा कर कई दिन तक धरना भी दिया। जिसे पुलिस अधिकारियों ने देर रात में समाप्त कराया।

उधर, दूसरी लड़की के परिजन हर तरह से कमज़ोर है, इसलिए वे अपनी लड़की के गायब होने पर जुबान खोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। आरोप है कि उनकी खामोशी को पुलिस ने संदिग्ध माना और उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया। एक तरफ लड़की के गायब होने का सदमा और दूसरी तरफ पुलिस द्वारा तरह तरह से परेशान करना। इस मुसीबत से लड़की की माँ बीमार पड़ गई। उसकी हालात खराब है। उसे ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि बिजनौर क्षेत्र के दो गांवों की दो लड़कियां बिजनौर के एक कालेज में कक्षा 9 में पढ़ती हैं। ये दोनो आपस में फ्रेंड हैं। 15 नवम्बर को दोनो लड़कियां रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। एक लड़की के परिजन उसकी बरामदगी के लिए भाकियू प्रधान के पदाधिकारियो को साथ ले कर लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं। इन्होने कई दिन तक थाने में टैंट लगा कर धरना भी दिया, जिसे पुलिस ने बमुश्किल समाप्त कराया।


अस्पताल में भर्ती छात्रा की मां।

उधर, दूसरी लड़की के परिजनों की इतनी हैसियत नहीं कि वे अपनी लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस पर कोई दबाव बना सकें। बताया जाता है कि उनकी खामोशी खुद उनके लिए मुसीबत बन गई। पुलिस उन्हे ही दोषी समझने लगी। लड़की के परिजनों का आरोप है कि पुलिस उनके परिजनों और रिश्तेदारों का उत्पीड़न कर रही है। उन्हे कई कई दिन हिरासत में रखा गया। अब भी लड़की का भाई तथा कई अन्य रिश्तेदार पुलिस हिरासत में हैं। लड़की की माँ से भी पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस के डर से लड़की की माँ की तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लड़की के पिता का कहना है कि हम गरीब हैं, इसलिए पुलिस हमारी लड़की को ढूंढ़ने के बजाये हमारा उत्पीड़न कर रही है। दूसरी तरफ पुलिस अधिकारियों ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि लड़की के परिजनों का उत्पीड़न नहीं किया जा रहा। बल्कि वे जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों छात्राओं की बरामदगी के लिये पुलिस द्वारा दिन-रात प्रयास किया जा रहा है। आशा है जल्दी ही छात्राओं को बरामद कर लिया जायेगा। उधर, यह मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रात: 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

## दूसरे दिन भी प्रपत्र भरवाये



**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा नेता रोहित रवि ने लगातार दूसरे दिन नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 321 एवं 324 में अभियान चलाकर लगभग 200 लोगों को जागरुक कर उनके विशेष गहन पुनरीक्षण(एस.आई.आर) प्रपत्र भरवाए। बताया कि वह इस कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियानचला रहे हैं। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम संबंधी सही जानकारी विधानसभा वासियों को दी जा रही है एवं आवश्यक मदद की जा रही हैद्य फॉर्म भरने में सबसे बड़ी समस्या वर्ष 2003 के बाद जो महिलाएं शादी करके आई है उनके पिता/संबंधित की 2003 की मतदाता क्रमांक संख्या एवं भाग संख्या आदि सूचना प्राप्त करने में आ रही है द्य इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, बी एल ओ अलका देवी,राजपाल सिंह, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# सामने गुलदार को देखकर पिता-पुत्र के पसीने छूटे

**शेरकोट ( चिंगारी )। खेत की जुताई के दौरान गुलदार सामने आने से भयभीत किसान को व उसके पुत्र बीच में ही काम छोड़कर घर लौटना पड़ा ।** जानकारी के अनुसार शनिवार को क्षेत्र के ग्राम हादकपुर निवासी अजय कुमार अपने पुत्र चांद के साथ जंगल में ट्रैक्टर द्वारा खेत की जुताई करने गए थे। बताया जाता है कि इस दौरान एक गुलदार खेत के पास खड़ी झाड़ियां से गुर्राता हुआ निकला और कुछ दूरी पर स्थित खेत की मेंढ़ के पास खड़ा हो गया। गुलदार को सामने देखकर जुताई कर रहे पिता पुत्र के पसीने छूट गए। उन्होंने ट्रैक्टर की स्पीड तेज कर और होर्न से शोर मचाकर थोड़ी दूरी पर खड़े गुलदार को भगाने का प्रयास किया गया, परंतु गुलदार वहां से नहीं गया। कुछ देर बाद भी गुलदार के वहां से ना हटने पर पिता पुत्र जुताई कार्य बीच में ही छोड़कर घर लौटना पड़ा। क्षेत्रीय किसान अजय कुमार, यतेन्द्र कुमार, सोरभ कुमार,सद्दाम आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिन से गुलदार बार–बार क्षेत्र में घूमता नजर आ रहा है, जिससे खेतों पर जाने वाले भयभीत है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# कब्र में सोता हुआ मिला नशेड़ी युवक

**शेरकोट ( चिंगारी )। ग्राम तैय्यब सराय के निकट स्थित कब्रिस्तान में एक पुरानी कब्र में नशेड़ी युवक अर्द्ध नग्न हालत में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। कब्रिस्तान में एक बच्चे को दफनाने गए लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा निकलवाया गया।**



जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम तैय्यब सराय निवासी मौ नज़र के नवजात शिशु की मौत हो गई थी। रात में लगभग दस बजे परिजन और ग्रामीण बच्चे के शव को दफ़नाने के लिए गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में पहुंचे तो वहां एक पुरानी कब्र में एक अज्ञात युवक लेटा दिखाई दिया। जिसने शर्ट नहीं पहन रखी थी। सर्दी के मौसम में युवक को अर्द्ध नग्न हालत में कब्र में पड़ा देखकर लोगो में हड़कंप मच गया। घबराए लोगों ने कब्र में पड़े अज्ञात युवक से बात करने का प्रयास किया तो नशे की हालत में वो किसी भी बात का सही जवाब नहीं दे पाया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिये जाने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक को बाहर निकलवाकर पूछताछ की। पता चला कि युवक मंदबुद्धि और नशा करने का आदी है और क्षेत्र में घूमता रहता है। कुछ देर बाद युवक वहां से चला गया। पुलिस के मुताबिक पता लगा है कि युवक मंदबुद्धि है, जो क्षेत्र में घूमता रहता है,उसका नाम पता नहीं लग पाया है।

# एसआईआर फार्म भरने में कर रहे मदद सभासद पति शादाब अहमद



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा में शमसु राईन के निवास पर वार्ड नंबर 13 के सभासद पति एडवोकेट शादाब मंसूरी लगातार दो हफ्तों से एसआईआर फॉर्म भरने का काम कर रहे हैं। नगर में उनके इस कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। सभासदपति शादाब अहमद एडवोकेट अपने वार्ड के ही नहीं नगर के हर एक वार्ड के लोगों के फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंप रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ नदीम अंसारी साइकिल वाले फरहान अरशद, साजिद अली, वसीम अहमद नजीर अहमद वसीम अब्बासी आदि लोग शामिल हैं।


विश्व हिंदू महासंघ के सभी पदाधिकारियों का आभार



आकाश सिंह
जिला उपाध्यक्ष
विश्व हिंदू महासंघ, बिजनौर
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
धर्माचार्य प्रकोष्ठ ( उ.प्र. )


# काली पट्टी बांध कर पहुंचे लेखपाल



**थाना समाधान दिवस में काली पट्टी बांधकर बैठे हुए लेखपाल।**

**धामपुर ( चिंगारी )।** कल शनिवार को कोतवाली धामपुर के प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में अपनी मांगों को लेकर लेखपालों ने विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उनका कहना है कि लेखपाल संघ द्वारा पिछले कई वर्षों से वेतन विसंगति को दुरुस्त करने, ग्रेड–पे बढ़ाने, स्टेशनरी वाहन आदि भत्ता उपलब्ध कराने व अंतर मंडलीय स्थानांतरण की मांग की जा रही है। काली पट्टी बांधकर बैठने वालों में लल्लन पटेल, प्रभात चौधरी, मीतू शर्मा, राजदीप चौहान, सुरेंद्र सिंह, प्रभात चौहान, प्रीति राजपूत, लव गहलौत आदि लेखपाल शामिल रहे। उधर, थाना समाधान दिवस में मौजूद वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र कुमार ने जन समस्याओं को सुना।

# स्योहारा के एम.क्यू इंटर कॉलेज में बनायी जायेंगी क्रिकेट पिच

## बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने दूंगा- फैसल वारसी



**स्योहारा ( चिंगारी )।** चेयरमैन फैसल वारसी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि छोटे छोटे बच्चे फोन में लगे रहते हैं जिससे उनका स्वास्थ्य और भविष्य बर्बाद हो रहा है। चेयरमैन ने कहा कि एमक्यू इंटर कालेज के खेल के मैदान में एक क्रिकेट पिच बनाई जाएगी और 8 से 13 – 14 से 17 वर्ष के बच्चों को क्रिकेट खेल खिलाया जाएगा। दो टीमें होंगी और अप्रैल में एक टूर्नामेंट किया जाएगा। जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों को अच्छा उपहार दिया जाएगा। जो भी सुविधाएं होंगी वह बच्चों की दी जाएंगी। राजा व जावेद शम्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चेयरमैन ने कहा कि वह खुद भी बच्चों के साथ खेलने जाएंगे। एम क्यू इंटर कालेज के प्रबंधक वकील अहमद व प्रधानाचार्य ने भी सहमति जताई है उनका धन्यवाद। हमारी ये सोच बच्चों के भविष्य को वर्वाद होने से बचाएगी।




# गोल्डन बैल्स स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाया गया शहीदी दिवस



**स्योहारा ( चिंगारी )।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित स्योहारा गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार 22 नवंबर को शहीद दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का संचालन सीमा और इति ने किया। शहीद दिवस के इस अवसर पर स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने गुरु तेग बहादुर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी की जीवनयात्रा के बारे में बताया तथा स्कूल में सबद पाठ-कीर्तन किया गया, जिसमें स्कूल निर्देशिका तवलीन कौर, ओमानंद, सत्यम, शिवानी तथा कुछ छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गुरु तेग बहादुर जी सिखों के दस गुरुओं में से नौवें गुरु थे। वे सिख धर्म के महान संत, विचारक और लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता के रक्षक माने जाते हैं। उनका जीवन साहस, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित था। गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस उनकी महान शहादत और उनके दिए संदेशों को याद करने का दिन है। स्कूल के




निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर और प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने बताया कि 1675 को गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली में फांसी दे दी गई। उनकी शहादत धार्मिक स्वतंत्रता, सहिष्णुता और सत्य के लिए लड़ने का अद्भुत उदाहरण है। गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान हमें सिखाता है कि सही के लिए खड़े होना कितना जरूरी है, चाहे हालात कितने भी कठिन क्यों न हों। उनका जीवन साहस, करुणा और न्याय का प्रतीक है। उनकी शहादत हमें समानता, स्वतंत्रता और दूसरों की रक्षा करने के महत्व को समझाती है। इस अवसर पर पवन, पूनम, शिखा, पारुल, निशा, अर्शी, हुदा, गरिमा, दिशा, शिवांगी, प्रिंसी, मंयक, राहुल, आरिफ, गौरव, अनुज आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# नकीबपुर खजूरी में कीर्तन दरबार का समापन

**नहटौर ( चिंगारी )।** श्री गुरु सभा गुरुद्वारा नकीबपुर खजूरी में शनिवार को गुरु नानक देव का गुरमत कीर्तन दरबार का समापन हुआ। इस अवसर पर बाहर के रागियों द्वारा गुरुवाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों को स्वरूप पर भेंट किए गए। गुरुद्वारा परिसर में शुक्रवार की रात को रैन सभाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सिख संगत ने भारी संख्या भाग लिया, यह कार्यक्रम देर रात तक चला। शनिवार को अखंड पाठ का समापन हुआ। बाहर से आए रागी कुलविंदर सिंह खैरात वाले, बलविंदर सिंह जगाधरी वाले रागियों ने सिख संगत को गुरु नानक गुरमत कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। गुरु नानक के बताए हुए आदर्श पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर विशाल लंगर का आयोजन किया गया। गुरु सभा की ओर से सेवादारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान नवजोत सिंह बिट्टू, सेक्रेटरी इंद्रजीत सिंह सनी, कुलदीप सिंह लोहिया, जसवीर सिंह बल्लू, निर्तेद्र सिंह लोहिया, सरदार हरविंदर सिंह पोथीवाल, आदि सहित सिख संगत के महिला-पुरुषों ने भारी संख्या भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम सदरुद्दीन नगर फलोदी बैरमपुर खजूरी बाकर नगर नहटौर, हल्दौर-नूरपुर सहित कई स्थानों के सिख संगत ने भाग लिया।



# क्लास शो में बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियां देख अभिभावक रोमांचित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में एनईपी के अंतर्गत आयोजित क्लास शो में बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों के अविभावक उपस्थित रहे और प्रदर्शन के अनुसार उनका आंकलन किया। बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। विद्यालय की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


## कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद- बिजनौर।

पत्रांक : 1600/E-TENDER/NPPS/2025 DATE: 22-11-25

### ई-निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, स्योहारा राज्य सेक्टर के 'सीवरेज एवं जलनिकासी' योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये दिनांक 24.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 15.12.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 15.12.2025 को ही अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यदिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय / अधिशासी अधिकारी, में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

( विजेन्द्र सिंह पाल )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद स्योहारा
जनपद-बिजनौर

( फ़ैसल वारसी )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद स्योहारा
जनपद- बिजनौर

# किसका लिया सहारा, सरकारी पेड़ पर चला दिया आरा!

## पेड़ों का हो रहा कटान, सो रहा वन विभाग

**स्योहारा (चिंगारी)। सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की चोरी खुलेआम हो रही है और वन विभाग आंखें बंद कर बैठा है। लोगों के कहने पर वनकर्मियों ने अधिकारियों को बताया और कटे हुए पेड़ों को वन चौकी भेजने की बात कही।**

क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर रैनी के पास बुढ्ढी रामगंगा पर बने पुल के पास से दिनदहाड़े दो शीशम व एक सीरस के पेड़ को काटा गया, लेकिन वन सुरक्षाकर्मियों ने एक बार भी नहीं जाकर देखा। जब गांव वालों ने इसकी सुचना वनकर्मियों को दी तब जाकर वन विभाग की आंख खुलीं और कटे हुए पेड़ों की लकड़ियों को वन चौकी भेजने की बात कही। सूत्रों का कहना है कि भगवानपुर रैनी क्षेत्र से आएदिन सरकारी पेड़ों की चोरी होती है और इसमें वन विभाग के ही कुछ वनकर्मी शामिल होते हैं।


काटे गये पेड़ों की जड़

दरिया रफैतपुर और भगवानपुर के बीच बन रही सड़क को डिप्टी रैंजर ने यह कहते हुए रूकवा दिया कि वन में सड़क नहीं बनेगी आपने ही पेड़ काटे हैं। जब पेड़ कटने की शिकायत हुई, तब ही वन विभाग को सड़क दिखाई दी, जिससे यह तो साफ है डिप्टी रेंजर सहाब हमेशा नींद में ही सोए रहते हैं। लोगों का कहना था कि जो लकड़ी वन चौकी गयी है, वह आपके (चिंगारी संवाददाता) आने से बच जाएगी, वरना वन विभाग उनको भी बेच देता। वन विभाग के पास सभी उपकरण होते हुए कि डिप्टी रेंजर ने अपने ही चहेते लड़की ठेकेदार को बुलाया था, शायद कुछ लड़की ले भी गया हो।


काटे गये पेड़ों की पत्तियां व टहनियां

डिप्टी रेंजर विजय भारत से जब मामले की जानकारी की गयी तो यह तो बता पाए कि मुकदमा दर्ज हो गया है। सड़क बना रहे ठेकेदारों ने पेड़ काटे हैं, लेकिन जब पेड़ काटने वाले का नाम पूछा गया तो साहब की जवान लड़खड़ाने लगी, बोले ऑफिस जाकर बताऊंगा अभी मौके से ही आया हूं। घटना स्थल से आए अधिकारी मुकदमा लिखने की बात तो कह रहे हैं, लेकिन जिस पर मुकदमा लिखा गया उसका नाम ऑफिस जाकर बताने की बात कर रहे हैं, जिससे यह तो साफ है कि साहब मामले में कुछ तो छिपा रहे हैं।

## संसार का प्रत्येक प्राणी परीक्षित है- संघर्षी



### भागवत कथा का तीसरा दिन

**चांदपुर (चिंगारी)**। नगर के मोहल्ला गोकुलनगर चन्द्रलोक कालोनी (सिलारा) में स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर आगामी 27 नबम्बर को मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण जी के प्राण-प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा व्यास महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी ने कहा कि संसार का प्रत्येक प्राणी ही परीक्षित है। मनुष्य प्रतिक्षण काल के गाल में समाता जा रहा है। राजा परीक्षित को इन्हीं सातवें दिनों में ही तक्षक नाग द्वारा डसने का श्राप श्रृंगी ऋषि ने दिया था, जबकि हम सभी को भी काल के हाथों इन सातों दिनों में ही किसी न किसी दिन चले जाना है। राजा परीक्षित जी, ओर हम सभी में केवल इतना अन्तर है, कि जब राजा परीक्षित को पता चला कि वह सातवें दिन तक्षक नाग के द्वारा मृत्यु को प्राप्त हो जायेंगे। उन्होंने उसी क्षण सद्गुरु श्री शुकदेव जी की शरणागति जाकर अपने मोक्ष का उपाय पूछा। जबकि हमें भलि भांति ज्ञात है कि हमारी इन सातों दिनों में ही मृत्यु निश्चित है, फिर भी हम धन तथा विषय वासनाओं की तालाश में किसी पतंगें की भांति दिशा ही उड़ते जा रहे हैं।

श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म जाता है, उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित हैं। वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी। ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

संख्या-441/ न.पा.परि.किर. / 2025-26 दिनांक 21-11-2025

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त लकड़ी विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, किरतपुर शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चौराहों व स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करना चाहती है। जिसके लिये आवश्यकता के आधार पर लकड़ी सोख्ता को क्रय किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति / फर्म जो अपनी निविदा दिनांक 5-12-2025 को सायं 3.00 बजे तक कार्यालय में दे सकते हैं, जो उसी दिनांक को समय 4.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 4-12-2025 को समय 10.00 बजे से 5.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर से अंकन रुपये 100-00 + जी.एस.टी. प्राप्त कर सकते हैं।

शरायतें-

1. निविदा के साथ जमानत राशि अंकन 5000-00 रुपये जमा करनी अनिवार्य होगी। सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।
3. निविदा में लकड़ी / सोख्ता (अलाव) की दर प्रति कुन्तल की दर से अंकित करनी होगी ताकि आवश्यकतानुसार लकड़ी सोख्ता (अलाव हेतु) क्रय किया जा सके।
4. निविदा स्वीकृत होने पर रुपये 100-00 के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा।
5. लकड़ी / सोख्ता (अलाव) पालिका की आवश्यकतानुसार कार्यालय में उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी फर्म की होगी, जिसका कोई अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।
6. लकड़ी / सोख्ता की सप्लाई संतोषजनक होने पर ही भुगतान किया जाना सम्भव होगा। गीली लकड़ी स्वीकार नहीं होगी।
7. अन्य शर्ते पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**(मेघा गुप्ता)** **(अब्दुल मन्नान)**

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

# धूमधाम से मनाया गया RJP इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव

## शिक्षा वह संजीवनी जिससे बनता है जीवन बेहतर : रूचि वीरा





**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में राजा ज्वाला प्रसाद का जयंती वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर विज्ञान, कला, वाणिज्य, भूगोल, कंप्यूटर आदि विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मुरादाबाद लोकसभा सांसद कुवरानी रुचि वीरा विशिष्ट अतिथि व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, वरिष्ठ समाजवादी नेता खुशनूद खां, डॉ. नमन गुप्ता प्रवीण गुप्ता, प्रांजल विश्नोई एवं सचिव एफ एम रेडियो संदेश 89.6 स्वाति वीरा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं द्वारा बड़े ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने कहा कि शिक्षा वह संजीवनी है जिससे जीवन को बेहतर से और बेहतर बनाया जाता है। विशिष्ट अतिथि राशिद हुसैन ने कहा कि वीरा चैरिटेबल सोसायटी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की वार्षिक आख्या पेश की। इस अवसर पर मोहम्मद शुएब भूरा, नवेद, राशिद, डॉ महेंद्र सिंह कौरव, गिरिराज सिंह, शिवकुमार भटनागर, संगीता गुप्ता, अब्दुल वाजिद, अवनीश गौड़, अतर सिंह, छोटे सिंह, हाजी दानिश, गुरशरण सिंह, प्रमोद प्रधान, बालेश कुमार, सुधीर राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, चंद्रहास सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार, नरेंद्र सिंह, विनोद कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, रश्मि चौहान, अलका रानी, छवि गर्ग, कुमुंद गुप्ता, मोहम्मद अनस, अमन यादव, भोलानाथ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ एवं मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया।

# रोटरी क्लब ने चलाया एसआईआर के प्रति जनजागरूकता अभियान



**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर द्वारा रविवार को सुबह भगत सिंह चौक धामपुर में (एसआईआर) special intensive revision के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. आदित्य अग्रवाल द्वारा सभी लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने शहर में सभी घरों में जनसंपर्क अभियान चलाकर तथा वीडियो के माध्यम से पूरे नगर को जागरूक करने का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव गगनदीप चावला ने आगे भी इसी प्रकार जनसेवा के लिए सभी लोगों को रोटरी क्लब के बैनर तले एकत्रित होने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

# पीएचसी झालू में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

**झालू ( चिंगारी )।** नगर पंचायत झालू के बदहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराने की मांग को लेकर प्रेस क्लब झालू की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ. कौशलेंद्र सिंह को एक ज्ञापन दिया है। इसमें पीएचसी पर प्रशिक्षित टीम तैनात करते हुए स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने की मांग की गयी है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी झालू में जल्द ही स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष झालू लोकेंद्र चौधरी भी इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग से सेवाएं बहाल करने की मांग कर चुके हैं। प्रेस क्लब झालू के अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर में बड़ी आबादी निवास करती है, किंतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में पीएचसी पर ना तो प्रसव होता है और ना ही मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया जाता है। बीमारी की जांच के लिये क्षेत्रवासियों को बिजनौर का रुख करना पड़ता है, जिससे गरीबों को भारी परेशानी होती है।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते नदीम आजाद।



# सपाइयों ने धूमधाम से मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर मूलचंद चौहान ने कहा कि मुलायम सिंह यादव संघर्ष व सादगी की मिसाल रहे हैं। वे हमेशा जमीन से जुड़े, निष्पक्ष और निर्णायक नेता के रूप में याद किए जाते हैं। कार्यक्रम में ठाकुर अमित चौहान, नसीम राणा, हाजी अब्दुल कलाम अंसारी, गुरमीत जुनेजा, आसिफ अंसारी समेत अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी...

# सक़लैन हैदर संग रज़िया परवीन, अली हसनैन संग नाज़िया परवीन



**सहसपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर टाइम्स ग्रुप के युवा पत्रकार सकलैन हैदर और उनके बड़े भाई अली हसनैन की शादी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। सहसपुर के एक बैंकेट हॉल में आयोजित भव्य शादी समारोह में क्षेत्र व जनपद के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की और दोनों नवविवाहित जोड़ों को अपनी दुआओं से नवाजा। इस अवसर पर बिजनौर टाइम्स ग्रुप की ओर से सर्वश्री विपिन भारद्वाज, अजय कु मार, जागन सिंह व आकाश दीप ने शुभकामनाएं दीं। सकलैन हैदर पुत्र श्री बाबर पधान की शादी सहसपुर के मौहल्ला मौलवियान निवासी मरहूम शाहिद हसन की पुत्री रजिया परवीन के साथ हुई। मौलाना सूफियान साहब ने निकाह पढ़ाया। अली हसनैन की शादी शेरकोट निवासी श्री अनीस अहमद की सुपुत्री नाजिया परवीन के साथ हुई। शादी समारोह में पूर्व चेयरमैन नईमुल्लाह खान, पूर्व चेयरमैन हुमा खान, पूर्व चेयरमैन जहीन अख्तर, चेयरपर्सन पति अमजद अली, सहसपुर देहात के प्रधान आदिल, दीपक प्रधान, पूर्व चेयरमपर्सन पति सादुल्ला खान, फहीम चेयरमैन, फराज अहमद, आमिर प्रधान, चौधरी मुईद, कलीम सहसपुरी, एच.एम. इंटर कालेज के प्रबंधक आफताब आलम, सभासद जफरूद्दीन अजमी, हाजी शफीउल्ला, रागिब हसन, सरफराज मेम्बर, परवेज खान, हा. जमीर, डा. मैराज, गजेन्द्र पटवारी, नदीम पीर जी, डा. अजीम, डा. सलमान रहबर, चौधरी सलमान, चौधरी उबैद, नावेद एडवोकेट, राजा क्रिकेटर, शानू ज्वैलर, अनीस अहमद, मनव्वर सहसपुरी की मौजूदगी खास रही। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के वरिष्ठ पत्रकार श्री शकील अहमद ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी एवं आत्मीयता के साथ स्वागत किया।

# दिल्ली पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर 4 लाख15 हजार ठगे

## पीड़ित ने दो व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला सन्तनगर निवासी एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार व एक अन्य पर दिल्ली पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 4 लाख 15 हजार रूपए हड़प लेने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुहल्ला सन्तनगर निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके रिश्तेदार हुकम सिंह पुत्र विक्रम सिंह, निवासी ग्राम मंगपुरा, थाना रजबपुर, अमरोहा का उसके यहां आना-जाना था। देवेन्द्र सिंह के अनुसार हुकम सिंह ने उसे बताया कि उसकी जान-पहचान गजरौला निवासी एक व्यक्ति से है, जिसकी पुलिस में जान-पहचान है तथा वे कई लड़कों को दिल्ली पुलिस में भर्ती करा चुका है। 10 नवम्बर 2023 को हुकम सिंह, वंश गौड़, ग्राम अतरपुर को लेकर उसके घर पर आये। वंश गौड़ ने दिल्ली पुलिस में गारंटी के साथ नौकरी लगवाने की बात कही तथा 5 लाख रूपए खर्च बताया। उनकी बातों में आकर डेढ़ लाख रुपए नकद दे दिये। देवेन्द्र सिंह के अनुसार उसने 30 नवम्बर 2023 को दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद के लिये परीक्षा दी थी। देवेन्द्र सिंह के अनुसार हुकम सिंह व वंश ने 2024 व 2025 में अलग-अलग तारीख में अपने खातों में 265474 रूपये ट्रांसफर करा लिये। कुल मिलाकर उससे 415474 रूपये ले लिए। देवेन्द्र ने बताया कि जब भी उसने उनसे दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने के लिए कहा तो वे बहाना बनाकर टालते रहे। देवेन्द्र ने बताया कि अब उन्होंने पैसे देने से साफ मना कर दिया तथा तकाजा करने पर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## मुलायम सिंह की जयंती मनाई



**नहटौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को धरती पुत्र तथा किसान, युवाओं का मसीहा बताया। नगर में डॉ. लुकमान के आवास पर विधानसभा अध्यक्ष सिकंदर कसर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया है। अब उनके सपनों को अखिलेश यादव पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. लुकमान, जिला सचिव मुदित त्यागी, विधानसभा अध्यक्ष सिकंदर कस्सार, डॉ. राजपाल विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रधान, कमलेश भुइयार, अनिल राठी, काजी जमाल नासिर, लोकेंद्र चौधरी आदि सपाई उपस्थित रहे।

## आरएसपी इण्टर कॉलेज में हुआ खेलों का आयोजन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** शनिवार को आरएसपी इंटर कॉलेज में शारिरिक खेल का आयोजन किया गया। शारिरिक अध्यापक बिजेंद्र सिंह और मनोज दूबे के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, बेड बॉल आदि का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अध्यापिका मधुबाला शर्मा ने कहा कि खेलों के आयोजनों से बच्चों को ऊर्जा मिलती है और बच्चे अपने शरीर को स्वस्थ रखने में कामयाब होते हैं। खेल खेलने के कई लाभ हैं। इनमें शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक तनाव कम होना, सामाजिक कौशल का विकास और शैक्षणिक प्रदर्शन में वृद्धि शामिल है। नियमित खेल से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, वजन नियंत्रित रहता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। खेल तनाव और चिंता को कम करते हैं और मन को शांत रखते हैं। नियमित खेल से आत्म विश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ता है। खेल एकाग्रता में सुधार करते हैं और याददाश्त को भी बढ़ा सकते हैं। खेल आपको बेहतर और गहरी नींद लेने में मदद करते हैं। इस मौके पर प्रेमा, वंदना देवी, अरविंद्र कुमार, ओमेंद्र त्यागी, वीरेंद्र कुमार आदि अध्यापकों सलिन राधान लिपिक सत्यदेव त्यागी आदि मौजूद रहे।

## चलाकर अभियान, ट्रैफिक पुलिस ने 636 वाहनों के किये चालान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 636 वाहनों के चालान किए। शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 636 वाहनों के चालान किए, जिसमें बिना हेलमेट 132, बिना सीट बेल्ट 22, मोबाइल फोन का प्रयोग करते 18, रांग साइड पर चलते 23, तीन सवारी 54, बिना बीमा 15, बिना प्रदूषण प्रमाण-पत्र 18, बिना लाइसेंस 32 व ओवर स्पीड में 322 वाहन शामिल हैं। ट्रैफिक प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अभियान पूरे माह जारी रहेगा। लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत में शामिल करें।

## कोई भी मतदाता SIR फार्म भरने से वंचित न रहे - तपराज



बीएलओ से SIR कार्य की प्रगति की जानकारी लेते एसडीएम और ब्लॉक प्रमुख।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कई बूथों का दौरा कर बीएलओ से SIR प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से मतदाताओं की मदद करने की अपील की, ताकि कोई भी मतदाता फार्म भरने से वंचित न रह जाये। उपजिलाधिकारी ने भी कुछ बूथों का निरीक्षण किया। भागूवाला मंडल में SIR कार्य हेतु ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, महामंत्री सचिन देशवाल, राजेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह राठी, बूथ अध्यक्ष मलखान सिंह, केशू सिंह, रामलाल सिंह के साथ ग्राम सभा जटपुरा बौंडा, पूरनपुर गढ़ी, बिजौरी, हुकूमतपुर केशो, कामगारपुर, राजगढ़, प्रीतमगढ़, रामपुर चाठा में बूथ संख्या 1, 2, 3, 107, 151 आदि पर पहुंचकर बीएलओ से कुल वोटरों की संख्या, SIR के कार्य की प्रगति, अब तक ऑनलाइन हुए फॉर्म की संख्या आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सभी बीएलओ को SIR के कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही तपराज सिंह ने सभी ग्रामवासियों को एकत्र कर SIR का फार्म भरने की विधि बताई तथा SIR की अहमियत समझाई। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आयोग की सामान्य प्रक्रिया है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि SIR के फार्म भरने में लोगों की मदद करें। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी कुछ बूथों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य का निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## सरल तरीके से पढ़ाने के उपाय माइंड मैपिंग के जरिये बताये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में टीचर्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप माइंड मैपिंग एंड कॉन्सेप्ट मैपिंग फॉर इफेक्टिव टीचिंग विषय पर आधारित थी। प्रशिक्षण का संचालन कर रहे शिव शंकर यादव ने शिक्षकों को माइंड मैपिंग और कॉन्सेप्ट मैपिंग के माध्यम से प्रभावी ढंग से पढ़ाने के तरीकों की गहन जानकारी दी। वर्कशॉप के दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को बताया कि विषय को छोटे-छोटे बिंदुओं में बांटकर छात्रों को समझाएं। किसी भी कठिन टॉपिक को माइंड मैप बनाकर सरल तरीके से प्रस्तुत करें। बच्चों से भी अपने माइंड मैप और कॉन्सेप्ट मैप बनवाएं ताकि उनकी समझ और रचनात्मकता बढ़े। कक्षा में इंटरएक्टिव गतिविधियां जोड़ें ताकि बच्चे सीखने में सक्रिय रूप से भाग लें। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए बेहद उपयोगी होते हैं और इससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार आता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने भी अपने संदेश में कहा कि ऐसी वर्कशॉप शिक्षकों को नये शैक्षणिक तरीकों से जोड़ती हैं और कक्षा में पढ़ाने की प्रक्रिया को अधिक रोचक और प्रभावशाली बनाती हैं।

## जम्मू में तैनात किरतपुर के असिस्टेंट इंजीनियर की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जम्मू के कटरा में तैनात रेलवे के असिस्टेंट ब्रिज इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिजनों में गम और आक्रोश का माहौल है। शनिवार को परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए करीब साढ़े तीन घंटे तक गंगा बैराज घाट पर युवक का अंतिम संस्कार रोके रखा। बाद में बैराज चौकी पुलिस के समझाने पर अंतिम संस्कार किया गया।

थाना किरतपुर के गांव भगवानपुर निवासी सोनम चौधरी (28वर्ष) पुत्र गजराज सिंह रेलवे में असिस्टेंट ब्रिज इंजीनियर के पद पर तैनात थे। वे करीब पांच साल तक पंजाब के पठानकोट में तैनात रहे। करीब छह माह पूर्व उनका जम्मू के कटरा में तबादला हो गया था। परिवार के मुताबिक 18 नवंबर को सोनम चौधरी की कुछ लोगों द्वारा कथित पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडियो सामने आने के बाद से सोनम लापता चल रहे थे। दो दिन बाद 20 नवंबर को सोनम का शव हिमाचल के थाना नूरपुर अन्तर्गत कांगड़ा में पड़ा मिला। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार को परिजन सोनम का शव अंतिम संस्कार के लिए गंगा बैराज लेकर गए थे, जहां परिजनों ने सोनम की हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार को रोक दिया और कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने बताया कि सोनम के हाथ, पैरों और शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। आरोप है कि सोनम की हत्या कर घटना को संदिग्ध मौत का रूप देने की कोशिश की गई है। परिजनों ने हिमाचल के कांगड़ा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाए। परिजनों ने अंतिम संस्कार करीब साढ़े तीन घंटे तक रोके रखा। बाद में बैराज पुलिस चौकी के प्रभारी दरोगा तेजवीर सिंह के समझाने पर परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार किया। परिजनों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

## कॉलेज में ज़हरीला सांप घुसने से हड़कम्प

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** स्थानीय स्थित राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज में अचानक रेड स्नेक नामक बेहद खतरनाक सर्प देखे जाने से वहां उपस्थित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कॉलेज कर्मचारियों ने नगीना वन रेंज के वनकर्मियों को इसकी सूचना दी। स्कूल में रेड स्नेक नामक सर्प के होने की सूचना पाते ही स्थानीय वनकर्मी तुरंत ही मौके पर पहुंचे और भारी मशक्कत के बाद सर्प का रेस्क्यू कर उसे अपने साथ ले गए। रेस्क्यू टीम में शामिल वनकर्मी विवेक चौधरी ने बताया कि राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज अफजलगढ़ की बिल्डिंग से रेस्क्यू किए गए रेड स्नेक नामक सर्प को उसके प्राकृतिक वास अर्थात सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ा जाएगा।

# विवेक विवि में रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह मनाया

## छात्रों को एएमआर विषय पर जागरूकता फैलाने को प्रेरित किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं पैरामेडिकल विज्ञान संकाय, चिकित्सा प्रयोगशाला विज्ञान विभाग ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध (ए.एम.आर.) जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत रोगाणुरोधी प्रतिरोध को समझना: चुनौतियां और समाधान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. अभा वर्मा व उपकुलपति डा. एन.के. गुप्ता, प्रो. शैलेन्द्र शर्मा, प्रो. देवीमाया, डॉ. मणिका विश्नोई और अंजली रानी द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद उपकुलपति डा. एन.के. गुप्ता ने छात्रों को प्रेरित करते हुए ए.एम.आर. विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया, अपने उत्साहवर्धक संबोधन में उन्होंने उच्च शिक्षा व लक्ष्य निर्धारण कर समाज में निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। इस सत्र में आई.आईएमटी. विश्वविद्यालय कि माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आभा वर्मा ने विशिष्ठ वक्ता के रूप में भाग लिया। डॉ. आभा वर्मा ने रोगाणुरोधी प्रतिरोधी के बढ़ते वैश्विक खतरे तथा अंतर्निहित कारणों और स्थायी समाधानों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक और आकर्षक व्याखान दिया। उन्होंने उभरते प्रतिरोधी रोगजनको से निपटने के लिए जिम्मेदार एंटीबायोटिक उपयोग, निगरानी, संक्रमण नियत्रंण, निगरानी और निरंतर अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। विवेक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और (ए.एम.आर.) तथा जनस्वास्थ इसके प्रभाव के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित तथा स्वास्थ्य सेवा समुदाय में जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी और शैक्षणिक रूप से लाभप्रद सिद्ध हुआ।





## पहचान छिपाकर नाबालिग को ले उड़ा, पकड़ा गया

**नूरपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 17 नवम्बर को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि राजस्थान जनपद सवाई माधोपुर के थाना पिलोना के गांव महानन्दपुर दोयडा निवासी जुनैद पुत्र जाकिर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उपनिरीक्षक रोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने युवक के पास से आर्यन राजपूत नाम के आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किए, जिसके संबंध में अभियुक्त से की गई पूछताछ में उसने बताया कि उसके द्वारा कागजात तैयार कराए गए थे ताकि वह उक्त युवती से वार्ता के दौरान अपनी वास्तविक पहचान छिपा सके। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।



## SIR में सहयोग की अपील

**नूरपुर (चिंगारी)।** शनिवार को नगर पालिका के भगतसिंह सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए चुनाव रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय शंकर सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण



नगर पालिका में बैठक में बोलते एसडीएम विजय शंकर

(SIR) का कार्यक्रम दिनांक 27 अक्टूबर को लागू किया गया, जिसमें 04 दिसंबर तक बीएलओ को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण गणना प्रपत्र को भरवाकर संग्रहण करना एवं गणना प्रपत्र को बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाइज्ड किया जाना है। बैठक में उपजिलाधिकारी (न्यायिक) विजय शंकर सिंह ने पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, हलका लेखपाल अमित तोमर व समस्त सभासदों से प्रगाढ़ पुनीरिक्षण में बीएलओ के सहयोग की अपील की। बैठक में समस्त सभासद मौजूद रहे।

## विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** शनिवार को लाम्बा कान्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी, (कादराबाद) में क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शिक्षिका मिस स्वाति के कुशल संचालन में आयोजित इस सम्मान समारोह में उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने गत 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच हुई खेलकूद एवं शैक्षिक प्रतियोगिता के आयोजन में भागीदारी कर विजय पताका फहराई थी। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह लाम्बा, सब डायरेक्टर विश्वजीत लाम्बा, प्रधानाचार्य अमित कुमार व पीटीआई नीलम चौधरी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## सीओ ने किया रेहड़ थाने का निरीक्षण

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने शनिवार को थाना रेहड़ का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के कार्यालय, भोजनालय, परिसर, बैरकें, मालखाना, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, राजकीय संपत्ति आदि का मुआयना करते हुए बहुत कुछ ओके पाया और थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी व सहयोगी पुलिस स्टाफ की कार्यशैली को सराहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह ने तमाम व्यवस्थाओं में कुशलता बताते हुए आगे और अधिक बेहतर कार्य हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी सहित उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, सोनू कुमार, रहीशपाल सिंह, मनोज कुमार व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



थाना रेहड़ का निरीक्षण करते सीओ आलोक कुमार सिंह।

## विद्या मन्दिर में मनाया गया सप्तशक्ति कार्यक्रम



**चांदपुर (चिंगारी)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती, रानी लक्ष्मी बाई तथा लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्या श्रीमती पारुल त्यागी ने सभी अतिथियों का परिचय कराकर स्वागत व अभिनन्दन किया। विद्यालय की बहनों ने नारी शक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर साधना (प्राचार्या-गुलाब सिंह स्नातकोत्तर विद्यालय, चांदपुर), मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, श्रीमती प्रगति मित्तल, श्रीमती पायल, श्रीमती चन्द्रमणि (प्रधानाचार्य-कस्तूरबा गांधी विद्यालय), श्रीमती मोनिका (कस्तूरबा बालिका विद्यालय), श्रीमती उपासना शर्मा (मुख्य वक्ता व आचार्या- सरस्वती शिशु मंदिर गंज) कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। विद्यालय की ओर से प्राइमरी विंग की प्रभारी श्रीमती पूजा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में जिला संयोजिका श्रीमती अर्चना वर्मा ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में उपस्थित हुई सभी बहनों को नारी शक्ति जागरण के प्रति संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारूल त्यागी ने किया।

## सर्दियों की इन 10 हेल्थ प्रॉब्लम्स से बचाते हैं सुपरफूड




# सर्दियों में रोज खाएं ये 10 चीजें : शकरकंद, आंवला, संतरा, गाजर है पोषण का खजाना

**सर्दियों के मौसम में गुलाबी ठंड और सर्द हवा का एहसास दिल तक उतरता है। यह एहसास कई परेशानियों से मुक्त कर सकता है। लेकिन समस्या ये है कि यह मौसम अपने साथ कई बीमारियां भी लेकर आता है। सर्दियों में धूप न मिलने से विटामिन D की कमी हो जाती है। इन दिनों ज्यादा तला-भुना खाने से लिवर और दिल की सेहत बिगड़ती है। पानी कम पीने से डिहाइड्रेशन हो जाता है। इम्यूनिटी कमजोर होने से फ्लू, इन्फेक्शन और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। प्रकृति का सबसे खूबसूरत पहलू ये है कि अगर उसके कारण कोई समस्या जन्म ले रही है तो वो उसका उपाय भी देती है। सर्दियों में सेहत से जुड़ी सभी समस्याओं का हल इस मौसम में उगने वाले फल और सब्जियां हैं।**

## सर्दियों के सभी सुपरफूड्स को एक-एक करके जानते हैं

**आंवला:-** आंवला विटामिन C, A, B कॉम्प्लेक्स, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर से भरपूर होता है। इसमें पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स भी होते हैं। ये हमारी आंख, त्वचा और हड्डियों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इसके अलावा ये इम्यून बूस्टर की तरह काम करता है और कई मौसमी बीमारियों और इन्फेक्शन से बचाता है।

**संतरा:-** संतरा विटामिन C, फोलेट, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। इसमें एक खास पोषक तत्व कोलीन मौजूद होता है। कोलीन मसल्स के मूवमेंट और अच्छी नींद के लिए बेहद जरूरी होता है। इससे ब्रेन फंक्शनिंग बेहतर होती है और कुछ सीखने या किसी चीज को याद रखने में मदद मिलती है। ये हमारी नर्वस को भी कंट्रोल में रखता है।

**अनार:-** अनार विटामिन C, K, B और फाइबर से भरपूर होता है। इसमें आयरन, पोटेशियम और जिंक जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स भी होते हैं। इसमें ओमेगा-6 फैटी एसिड होते हैं और फ्लेवनॉन, फेनॉलिक्स पाया जाता है, जो इंफ्लेमेशन को दूर करता है। इसमें कैंसररोधी गुण भी होते हैं। यह हमारी हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाए रखता है और बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करता है। शरीर में खुजली, जलन की समस्या को कम करने में भी मददगार है।

**गाजर:-** गाजर विटामिन A, K और B का बहुत अच्छा स्रोत होता है। इसमें बायोटिन, पोटेशियम और कैल्शियम भी भरपूर मात्रा में होता है। गाजर हमारी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें मौजूद फाइबर पेट और आंत की समस्याओं को दूर करता है। गाजर में पाया जाने वाला कैल्शियम और विटामिन K हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद बीटा-कैरोटीन एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में काम करता है और कैंसर को रोकने में मदद करता है।

> सुपरफूड ऐसे फूड्स हैं, जिनकी न्यूट्रिशन डेंसिटी बहुत ज्यादा होती है। इसका मतलब है कि इनमें बेहद कम कैलोरी के साथ भरपूर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। ये मिनरल, विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं। ये सेहत को दुरुस्त और बीमारियों से मुक्त रखते हैं।

**अदरक:-** अदरक सर्दियों में हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बूस्ट करता है और शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो सर्दियों में अक्सर होने वाले कोल्ड और फ्लू जैसी बीमारियों से बचाते हैं। आप अदरक को चाय में मिलाकर, गर्म पानी में उबालकर, स्टर-फ्राई में डालकर या सूप में मिलाकर खा-पी सकते हैं।

**लहसुन:-** लहसुन में पावरफुल एंटीमाइक्रोबियल और इम्यून बूस्टर गुण होते हैं। इससे हमें सर्दी की बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। लहसुन हमारी हार्ट हेल्थ को भी बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। लहसुन को सब्जी या सूप में मिलाकर खा सकते हैं। कुछ लोग इसे भूनकर या कच्चा भी खाते हैं।

**शकरकंद:-** दरअसल, आयरन, फोलेट, कॉपर, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मैग्नीशियम और कई तरह के विटामिन से भरपूर शकरकंद ठंड में खाने के लिए मुफीद कंद है। तासीर में गर्म शकरकंद गरमाहट से साथ बीमारियों से लड़ने की ताकत भी देता है। साथ ही इसका स्वाद भी लाजवाब होता है।

**बथुआ:-** बथुआ में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम और सोडियम जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स होते हैं। इसमें विटामिन C, Bw, Bx और Bz भी भरपूर मात्रा में होता है। इसमें मौजूद फाइबर और पानी से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है और कब्ज से राहत मिलती है।

**बादाम:-** बादाम कार्ब्स, प्रोटीन, फाइबर, जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। हेल्दी मोनोसैचुरेटेड फैट होने के कारण यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने में मददगार है। बादाम ब्लड शुगर स्पाइक को रोकते हैं, इसलिए डायबिटीज में बेहद फायदेमंद हैं। ये हमारे ब्रेन फंक्शन को बेहतर बनाते हैं। इससे डिसिजन मेकिंग और याददाश्त में सुधार होता है।

## सर्दियों में सेहतमंद रखेंगी ये 10 चीजें




# सुस्ती-कमजोरी महसूस करते हैं, तो हो सकता है न्यूट्रिशन की कमी का संकेत

**1. आयरन की कमी से एनीमिया:-** आयरन की कमी से एनीमिया हो सकता है, जिससे थकान, सांस फूलना और चेहरे पर पीलापन जैसे लक्षण दिखते हैं। यह खाएं- चना, दाल, पालक, तिल, किशमिश, खजूर, अलसी का सेवन करें।

**2. फोकस के लिए विटामिन B2:-** विटामिन B2 शरीर में एनर्जी के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से कमजोरी, चक्कर आना, एकाग्रता में कमी और मूड स्विंग होते हैं।

**3. विटामिन D की कमी भी वजह:-** विटामिन D हड्डियों, मांसपेशियों और एनर्जी के लिए जरूरी है।

**4. मैग्नीशियम से बेहतर नींद:-** मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में खिंचाव, बेचैनी-नींद की दिक्कतें होती हैं।

**5. ओमेगा-3 कम, तो डिप्रेशन संभव:-** ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से थकान, याददाश्त की कमजोरी और डिप्रेशन जैसे लक्षण उभर सकते हैं।





# कई स्वास्थ्य समस्याएं हैं विटामिन्स की कमी का संकेत

## विटामिन डी की कमी से भी हो सकता है हाई बीपी और एंग्जायटी

*दरअसल विटामिन शरीर के लिए बेहद जरूरी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स हैं, जो कोशिकाओं के सही ढंग से काम करने, उनकी ग्रोथ और विकास के लिए जरूरी हैं, लेकिन हमारा शरीर उन्हें खुद नहीं बना पाता। ये विटामिन शरीर को भोजन व अन्य स्रोतों से मिलते हैं। ऐसे में किसी भी विटामिन की कमी शरीर की कार्य प्रणाली को प्रभावित कर सकती है। आज जानिए कुछ प्रमुख विटामिन की कमी से होने वाले नुकसान व उनके मुख्य स्रोत के बारे में।*

**दिमाग के लिए जरूरी है विटामिन-बी:-** मस्तिष्क के ठीक ढंग से काम करने के लिए विटामिन बी बेहद जरूरी है। दरअसल विटामिन बी-12 और दूसरे विटामिन-बी ऐसे रसायन बनाते हैं, जो मूड और मस्तिष्क की कार्य प्रणाली को प्रभावित करते हैं। बी-1, बी-2, बी-3, बी-6, बी-9 और बी-12 इसके प्रमुख प्रकार हैं।




**विटामिन-सी कम, इम्यूनिटी कमजोर :-** विटामिन सी एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है। इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। यह शरीर में आयरन के अवशोषण में भी मददगार है। ऐसे में इसकी कमी से आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया हो सकता है।

**विटामिन-डी का एंग्जाइटी से भी संबंध :-** विटामिन-डी की कमी से व्यस्कों में ऑस्टियोपोरोसिस और बच्चों में रिकेट्स जैसी बीमारियां हो सकती हैं। यह शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने के लिए जरूरी है। इसकी कमी से भी एंग्जाइटी हो सकती है। इसके अलावा यह हाई बीपी का भी कारण बन सकता है।

# शादी समारोह में जा रहे शिक्षकों की कार नदी में गिरी, तीन की मौत - एक गंभीर

**नैनीताल ( चिंगारी )।** भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रातीघाट के पास शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें शादी समारोह में शामिल होने जा रहे चार शिक्षक दुर्घटना का शिकार हो गए। अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर जा रही एसयूवी अचानक अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी में जा गिरी। हादसे में सुरेंद्र भंडारी और पुष्कर भौसोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही खैरना चौकी इंचार्ज हर्ष बहादुर पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीआरएफ, पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया।



बचाव के बाद गंभीर रूप से घायल दो शिक्षकों को 108 आपातकालीन सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान तीसरे शिक्षक संजय बिष्ट ने दम तोड़ दिया। वहीं चौथे शिक्षक मनोज कुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

# 12 दिसम्बर को दिल्ली में सम्मानित होंगे सुखपाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दलित साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से पश्चिमी झंडीचौड़ के पार्षद सुखपाल शाह को डॉ. अंबेडकर विशिष्ट सेवा नेशनल अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान उन्हें उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जा रहा है। शनिवार को अकादमी के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र लाल आर्य ने बताया कि यह सम्मान उन्हें 12 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले अकादमी के 41वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि व अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसपी सुमनाक्षर द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# खाई में डम्पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आज सुबह कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग पर आमसोड़ के पास एक डंपर गहरी खाई में गिर गया, सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी केडी शर्मा टीम सहित एसडीआरएफ तुरंत मौके के लिए रवाना हुये। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि डंपर नदी किनारे गहरी खाई में गिरा हुआ था। वाहन के पास ही एक व्यक्ति पड़ा मिला, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। मृतक की पहचान धीरेन्द्र उर्फ धीरू पुत्र नरेन्द्र रावत, निवासी ग्राम भिंगवाड़, कोटद्वार, (उम्र 36 वर्ष) के रूप में हुई है। हादसे में शामिल वाहन का नंबर यूके 14 सीए 3453 बताया गया है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। दुर्घटना कैसे हुई, इसके कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आपदा राहत जागरूकता अभियान प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे एनएसएस व गाइड स्वयंसेवक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एनएसएस व स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों का दल स्काउट गाइड देहरादून के भोपालपानी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सात दिवसीय आपदा राहत जागरुकता अभियान प्रशिक्षण प्राप्त कर विवि लौट आया है। इस अवसर पर शनिवार को विवि में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट प्रभारी व संयोजक शैलेश चमोली ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सेवकों को एनएसएस व स्काउट का ध्येय, समाज में भूमिका, आपदाग्रस्त व्यक्तियों को तुरन्त राहत पहुंचाना, मेडिकल व बचाव की जानकारी, मलवे में फंसे लोगों का उपचार, राहत सामग्री की आपूर्ति आदि पर जानकारी दी गयी। वहीं प्रति कुलपति प्रो. डॉ. पीएस राणा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण भविष्य में भी काम आते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अब प्रशिक्षित स्वयंसेवक आपदा राहत कार्यों में अपना योगदान देकर प्रभावितों की सेवा करेंगे। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह व डॉ. विभांशु विक्रम सिंह सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज व स्वामी चिदानंद की हुई मुलाकात उत्तराखण्ड में पर्यटन को बढ़ावा देने पर हुई बात

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती एवं उत्तराखंड सरकार के पर्यटन, संस्कृति एवं सिंचाई कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के बीच एक विशेष भेंटवार्ता सम्पन्न हुई। इस संवाद में उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन तथा राज्य में सतत व उत्तरदायी पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत करने, नारियों एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा पर्यावरण-अनुकूल पहलों को बढ़ावा देने की प्राथमिकताओं पर जोर दिया गया। स्वामी चिदानन्द ने रुद्राक्ष टूरिज्म की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि रुद्राक्ष की पवित्रता, उसकी पौराणिक महत्ता तथा उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में इसके प्राकृतिक स्रोतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे टूरिज्म मॉडल विकसित करने की जरूरत है, जिससे स्थानीय किसानों, कारीगरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिल सके। स्वामी जी ने कहा कि आज विश्वभर में मानसिक शांति और तनाव-मुक्त जीवन की माँग बढ़ रही है, और उत्तराखंड ध्यान शिविरों, शांति यात्राओं, आध्यात्मिक संवादों एवं योग-ध्यान कार्यक्रमों का वैश्विक केन्द्र बन सकता है। इस दौरान 54 किलोमीटर लंबी टिहरी झील को विश्वस्तरीय इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर गहन चर्चा हुई। सौन्दर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स, प्राकृतिक उद्यानों, वेलनेस रिसॉर्ट्स और सामुदायिक क्षेत्रों के निर्माण के माध्यम से इसे आकर्षक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केन्द्र बनाने पर विचार विमर्श किया गया।



# तैड़ी-भण्डालू मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग

## ग्रामीणों ने सांसद अनिल बलूनी को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकास खंड कोट के ग्रामीणों ने विकास खंड के तैड़ी - बसन्तपुर- बिणंग -क्वालास्यार व बसंतपुर -नवाड़ी-पैडुल-भण्डालू मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। कहा कि शासन प्रशासन से पत्राचार के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस संबंध में शुक्रवार को कोटद्वार दौरे पर आए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय ग्रामीण बलवान सिंह रावत, मनोज सिंह रावत, गबर सिंह नेगी व मनमोहन सिंह आदि ने कहा है कि आठ से दस किमी. लंबे इस मोटर मार्ग का बनने के बाद से डामरीकरण नहीं हो पाया है। इस कारण आम जन को कच्चे मोटर मार्ग पर वाहनों में हिचकोले खाकर अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ रही है। कहा कि एक ओर जहां केंद्र व प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मोटरमार्गों की गुणवत्ता में लगातार सुधार कर रही है, वहीं इस मोटर मार्ग की लगभग तीन साल से सुध भी नहीं ली गई। कहा कि मोटर मार्ग डामरीकरण को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने कई बार क्षेत्रीय विधायक को भी पत्र लिखे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में गढ़वाल सांसद से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है।

# बद्रीनाथ धाम के संत रसिक महाराज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से की भेंट

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बद्रीनाथ धाम उत्तराखण्ड के प्रमुख संत नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुख्यमंत्री आवास पर जाकर बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत की बधाई दी एवं गौरक्षा, संस्कृत शिक्षा, एवं हिन्दुत्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। हरियाणा सरकार द्वारा किये जा रहे धर्म उत्थान कार्यों के लिए संतों की तरफ से प्रसन्नता व्यक्त की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संतों का सान्निध्य हम सबको आदिकाल से मिल रहा है और संतो के सान्निध्य एवं प्रवचनों से व्यक्ति अच्छाई की ओर अग्रसर होता है और जो व्यक्ति विमुख होता है वह बुराई का रास्ता अपना लेता है, इसलिए मानव को संतों के चरणों में आसीन होकर उनके दिखाये रास्ते पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाना चाहिए। इस अवसर पर पंजाब संत समिति के अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद सरस्वती, आनन्द ब्रहमचारी, साध्वी मां देवेश्वरी, आचार्य सुदर्शन व्यास, स्वामी गीतानंद गिरि, डॉ. हरीश मिगलानी, डॉ. वरिन्दर गुप्ता, डॉ. रवि पाराशर उपस्थित रहे।



# सुरेन्द्र नेगी पहुंचे अस्पताल, प्रभादेवी का जाना हाल-चाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह नेगी ने शनिवार को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल पोखड़ा निवासी प्रभा देवी का हालचाल जाना। बता दे कि 15 नवम्बर को ग्राम घण्डियाल, पट्टी तलाई, विकासखंड पोखड़ा निवासी प्रभा देवी, पत्नी नरेंद्र सिंह पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गई थी। फिलहाल उनका उपचार वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. सतीश कुमार की निगरानी में किया जा रहा है और उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। इस दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल प्रशासन से रोगी के पूर्ण स्वस्थ होने पर ही डिस्चार्ज करने के निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका भी हालचाल जाना।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चंदक रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण की आस जगी

## आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा को रेल मंत्रालय ने लिखित रूप में अवगत कराया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नजीबाबाद-लक्सर रेल मार्ग एवं मंडावली-बिजनौर जिला मार्ग पर स्थित चंदोक (चंदक) रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495-बी पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण होने की आस जगी है। इस सम्बन्ध में रेल मंत्रालय से पत्राचार करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा को विभागीय अधिकारी ने लिखित रूप में अवगत कराया है कि आरओबी का कार्य वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि उक्त ओवरब्रिज के निर्माण की मांग 'चिंगारी' द्वारा भी अपने समाचारों के माध्यम से पिछले डेढ़ वर्ष से की जा रही थी।


चंदक में स्थित रेलवे क्रॉसिंग

सहायक मंडल अभियंता रुड़की के कार्यक्षेत्र में आने वाला चंदोक / चंदक रेलवे फाटक, मुरादाबाद-सहारनपुर रेल मार्ग एवं बिजनौर-मंडावली जिला मार्ग पर पड़ता है। उक्त रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी, क्षेत्रवासियों के लिये बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। यह रेलवे क्रॉसिंग विभाग की 'हीरा लाइन' पर स्थित है। हावड़ा-जम्मूतवी रेल लाइन से प्रतिदिन लगभग 120 ट्रेनें गुजरती हैं। इसके चलते यह रेलवे फाटक दिन में कई घंटे बंद रहता है। वाहन स्वामियों को यहां से गुजरने में अक्सर बड़ी दिक्कत उठानी पड़ती है। कभी-कभी रेलवे फाटक बंद होने के कारण यहां दोनों ओर वाहनों की कई किमी. लंबी लाइनें लग जाती हैं। इस रेलवे क्रॉसिंग से बरकातपुर चीनी मिल के गन्ने के ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉले और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में गुजरते हैं। काफी देर तक रेलवे फाटक बंद होने से गन्ना वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है और यातायात बुरी तरह से प्रभावित होता है।


चिंगारी

फाटक बंद रहने से जाम लगता है बार-बार ओवरब्रिज या अंडरपास बनवाओ सरकार!

18 जुलाई, 2024 को चिंगारी में छपा समाचार

इस रेलवे फाटक पर लगने वाले मरीज समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं।

सुरक्षित एवं सुचारू आवागमन के लिये यहां रेड ओवर ब्रिज (आरओबी) या अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है। 'चिंगारी' क्षेत्रवासियों की इस समस्या को पिछले डेढ़ वर्ष से उठा रहा है। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान ने भी हाल ही में रेल मंत्री को पत्र लिखकर ओवरब्रिज या अंडर पास बनवाये जाने की मांग की थी।

इसके अलावा आदर्श नगर, नजीबाबाद निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने

## चिंगारी द्वारा भी पिछले डेढ़ साल से की जा रही थी मांग

इस सम्बन्ध में पत्राचार कर रेल मंत्रालय को अवगत कराया था और अंडरपास या ओवर ब्रिज बनाये जाने की मांग की थी। अपर मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद परितोष गौतम ने मनोज शर्मा को लिखित रूप में बताया कि रेलवे बोर्ड की पावर में वर्ष 2026-27 के लिये लेवल क्रासिंग संख्या 495-बी पर आरओबी का कार्य प्रस्तावित है। स्वीकृति के पश्चात कार्य शीघ्र करा दिया जायेगा। रेलवे ने रोड ओवर ब्रिज निर्माण की परियोजना बनाकर रेल मंत्रालय को भेज दी है। रेल मंत्रालय से पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर बजट की उपलब्धता के उपरान्त बहुप्रतीक्षित ओवर ब्रिज का निर्माण आरम्भ हो जायेगा। उक्त सूचना से क्षेत्रवासियों को आने वाले वर्षों में चंदक रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनने की आस जगी है। इस सूचना से क्षेत्रवासी बेहद खुश हैं तथा उक्त कार्य की जल्द से जल्द स्वीकृति मिलने की ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


### व्यापारी दुकान के बाहर बोर्ड लगाएं, जीएसटी नम्बर लिखवाएं

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने बाजार में पहुंचे जीएसटी विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान की मांग रखी। साथ ही उन्होंने अपने बाजार के सभी व्यापारियों से जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने, अपनी दुकानों के बाहर बोर्ड पर जीएसटी नम्बर लिखने की अपील की। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की सदस्यता ग्रहण करने वाले शहजाद आलम को प्रमाण-पत्र भेंट किया।

### महिला की मौत पर हॉस्पिटल सील, रिपोर्ट दर्ज

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के ईवा हॉस्पिटल में जहानाबाद निवासी रतिराम की पत्नी कविता की आप्रेशन से डिलीवरी की गई थी। हालत बिगड़ने के बाद महिला को जौलीग्रांट रेफर कर दिया गया था। वहां महिला की मौत हो गई थी। परिजनों ने एम्बुलेंस से शव को वहां से लाकर ईवा हॉस्पिटल के बाहर रखकर डिलीवरी में चिकित्सकों की लापरवाही से महिला की मौत होने का आरोप लगाते हुए सुबह से शाम तक हंगामा किया। जिस पर पुलिस-प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया था, मगर समझौता न होने पर पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हॉस्पिटल को सील कर दिया। ईवा हॉस्पिटल में भर्ती सभी मरीजों को अन्य अस्पताल में शिफ्ट कराया गया।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 8192801901